हादसा

देवगांव संगम की घटना, अपनी बेटियों को सुरक्षित निकाल खुद गहरे पानी में समा गया जवान

# बेटियों को बचाने के लिए पिता ने न्योछावर कर दी जान



**मंडला।** जिले के देवगांव स्थित नर्मदा और बुडनेर नदी के संगम पर सोमवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। जहां एक पिता अपनी बेटियों को डूबने से बचाने के प्रयास में मोहगांव थाने में पदस्थ एक जांबाज आरक्षक ने अपने प्राणों की आहुति दे दी।

जानकारी अनुसार मोहगांव थाना में पदस्थ आरक्षक शिव परस्ते सोमवार को सपरिवार देवगांव संगम पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी बेटियां नहाते समय अचानक गहरे पानी की ओर चली गईं और डूबने लगीं। अपनी मासूम बेटियों को संकट में देख आरक्षक शिव परस्ते ने पलक झपकते ही उन्हें बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी।

### संतुलन खोने से भंवर में समा गया पिता

आरक्षक शिव परस्ते ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी दोनों बेटियों को सुरक्षित किनारे की ओर धकेल दिया, जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। लेकिन बेटियों को सुरक्षित करने के बाद आरक्षक स्वयं अपना संतुलन खो बैठे और गहरे पानी के भंवर में समा गए। किनारे पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### क्षेत्र में शोक का माहौल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आरक्षक का शव बाहर निकाला गया। अपनी जान पर खेलकर बेटियों को जीवनदान देने वाले इस पिता के बलिदान ने हर किसी की आंखें नम कर दी हैं। वर्तमान में पूरे क्षेत्र और पुलिस विभाग में शोक की लहर व्याप्त है।

## क्रूज हादसे के मृतकों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**नारायणगंज।** बरगी बांध जलाशय में पिकनिक के दौरान हुए आकस्मिक क्रूज हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदय विदारक घटना में असमय काल के गाल में समाए व्यक्तियों की स्मृति में जनपद पंचायत नारायणगंज में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति है और पूरा जनपद परिवार दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है।

**2 मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि**–शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ और पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें।

**परमात्मा से शांति की प्रार्थना**–जनपद पंचायत नारायणगंज के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से अपनी संवेदनाएं प्रेषित कीं। शोक सभा के अंत में भावुक मन से ईश्वर से विनती की गई कि वह मृत आत्माओं को चिर शांति प्रदान करें और प्रभावित परिवारों को इस संकट से उबरने का संबल दें।

# नैनपुर में नियम-कानून पर भारी कब्जाधारी

100 एकड़ भूमि पर दबंगों का साया, चिल्ड्रन पार्क के लिए प्रस्तावित जमीन पर भी अवैध कब्जा







**नैनपुर, नवभारत।** नैनपुर नगर के विकास में अवैध कब्जाधारियों ने ग्रहण लगा दिया है। क्षेत्र की जनोपयोगी और कीमती शासकीय भूमि पर दबंगों का कब्जा इस कदर बढ़ गया है कि प्रशासन की पिछली कार्रवाइयां भी बेअसर साबित हो रही हैं। राजनीतिक संरक्षण और जिम्मेदारों की चुप्पी के चलते सरकारी जमीन को मुक्त कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

पिछले दिनों मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की टीम ने वार्ड नंबर 7 इटका में 72 एकड़ शासकीय भूमि से कब्जाधारियों को बेदखल करने की कार्रवाई की थी। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस कार्रवाई के बावजूद कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं और उक्त भूमि पर पुनः कृषि कार्य करने की तैयारी की जा रही है।

प्रशासनिक अमले की नजरों से दूर अब भी चकोर नदी स्टॉपडैम के पास लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। इसके अलावा वार्ड नंबर 9 में जहां चिल्ड्रन पार्क और अन्य जनोपयोगी भवन बनाए जाने प्रस्तावित हैं, वहां भी दबंगों ने अपना कब्जा जमा रखा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारों को यह अतिक्रमण क्यों दिखाई नहीं दे रहा है?

### फसल उत्पादन की राशि वसूली की मांग

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि वर्षों से शासकीय भूमि पर कब्जा कर फसल उगाने वाले इन लोगों पर न केवल ठोस दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, बल्कि उनसे अब तक किए गए फसल उत्पादन की राशि भी वसूली जानी चाहिए। बिना सख्त कदम उठाए नैनपुर को इन कब्जाधारियों से मुक्ति मिलना असंभव लग रहा है।

### जनता का सवाल, कब टूटेगी मौन की दीवार

मंचों से विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। क्या जिम्मेदार किसी बड़े जन आंदोलन का इंतजार कर रहे हैं? नगर विकास की राह में रोड़ा बने इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कब पीला पंजा चलेगा, यह नैनपुर की जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।



# बाघों की सुरक्षा के लिए कान्हा प्रबंधन और ग्रामीणों की अनूठी पहल

वन्यजीवों को संक्रमण से बचाने के लिए पालतू और आवारा कुत्तों का होगा वैक्सीनेशन

**कान्हा.** कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही गेट प्रांगण में 3 मई को वन्यजीवों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सहायक संचालक सिझौरा, परिक्षेत्र अधिकारी सरही एवं सिझौरा बफर सहित ग्राम पंचायत कटंगा के प्रतिनिधि, ईको विकास समिति के सदस्य, गाइड, होटल प्रबंधक और वाहन मालिक उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसहमति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पालतू और आवारा कुत्तों से वन्यजीवों में फैलने वाली घातक बीमारियों की रोकथाम की जाएगी। इसके लिए वन क्षेत्र में कुत्तों का प्रवेश रोकने के साथ-साथ वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे कुत्ता वैक्सीनेशन अभियान में पूर्ण जन सहयोग दिया जाएगा। होटल मालिकों को हिदायत दी गई है कि वे बचे हुए भोजन और अपशिष्ट पदार्थों का निपटान उचित तरीके से करें ताकि आवारा कुत्ते आकर्षित न हों।

**सतर्कता के लिए अमाही मार्ग बंद**- कान्हा प्रबंधन ने सुरक्षा और सतर्कता के मद्देनजर अमाही वनमार्ग को कुछ दिनों के लिए पर्यटन हेतु बंद करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि वे जंगल के आसपास किसी वन्यजीव को असामान्य व्यवहार करते या बीमार देखें, तो इसकी सूचना तत्काल कान्हा प्रबंधन को दें। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर बाघों की सुरक्षा के लिए वन विभाग को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# टायर फटने से डिवाइडर से टकराई कार, बाल-बाल बचे 6 यात्री

स्थानीय लोगों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकले सभी सवार



**मंडला।** नेशनल हाईवे-30 पर सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। जबलपुर से मंडला की ओर आ रही एक कार का अगला टायर अचानक फट जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकरा गया। इस दुर्घटना के समय कार में कुल छह लोग सवार थे, जो चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए।

जानकारी अनुसार कार चालक गणेश प्रसाद धुर्वे जबलपुर से मंडला की ओर सामान्य गति से आ रहे थे। नारायणगंज के समीप पहुंचते ही अचानक कार का अगला टायर पंचर हो गया, जिससे चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और कार डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है।

### स्थानीय लोगों ने की मदद

हादसे के तुरंत बाद घटना स्थल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए कार के अंदर फंसे सभी छह यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई।

### यातायात हुआ प्रभावित

दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से सामान्य कराया गया। स्थानीय निवासियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि लंबी दूरी की यात्रा पर निकलने से पहले टायरों और वाहन की तकनीकी स्थिति की जांच अवश्य करें ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# 32 बच्चों की हुई जांच, 12 पाए गए भर्ती योग्य

नारायणगंज एनआरसी में लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर



**नारायणगंज।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणगंज के अंतर्गत एनआरसी केंद्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करना और कुपोषण की पहचान कर उन्हें उचित उपचार दिलाना है।

शिविर के दौरान कुल 32 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें सेक्टर चिरईडोंगरी से 2, परिक्षेत्र नारायणगंज-2 से 3, मानेगांव से 4, छपरा से 3, बबलिया से 2, जुझारू से 8 और सेक्टर नारायणगंज क्रमांक-1 से 8 बच्चे शामिल हुए।

जांच के बाद विशेषज्ञों ने पाया कि कुल 12 बच्चे एनआरसी में भर्ती किए जाने योग्य हैं। इनमें से 2 बच्चों को तत्काल केंद्र में भर्ती कर लिया गया है, जबकि शेष 10 बच्चों के अभिभावकों को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए केंद्र में भर्ती कराने हेतु आवश्यक समझाइश दी गई है।






# टिकरिया और बबलिया में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह का शुभारंभ किया गया है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराड़कर के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर सीएम राइज स्कूल टिकरिया और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया के प्रांगण में संचालित किया जा रहा है।

विकासखंड समन्वयक करुणा मर्सकोले ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बालक, बालिकाओं को सुबह 6 से 7.30 बजे तक और शाम 5.30 से 7 बजे तक विभिन्न खेलों का अभ्यास कराया जा रहा है। इसी तरह बबलिया में कबड्डी प्रशिक्षक नंदिनी उइके, टिकरिया में हॉकी प्रशिक्षक सुजीता यादव और पड़रिया में क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैंप आरोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को पढ़ाई के साथ फिटनेस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है।

विकासखंड समन्वयक करुणा मर्सकोले ने बच्चों को मोबाइल गेम से दूर रहने की सलाह देते हुए नियमित खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने पर जोर दिया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी इसमें सहभागिता निभाएं ताकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ हो सके। बताया गया कि इच्छुक प्रतिभागी उपलब्ध कराई गई लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह शिविर स्थानीय युवाओं के लिए अपनी खेल प्रतिभा को पहचानने और फिटनेस सुधारने का एक बेहतरीन अवसर है।

# नेकी की दीवार से खिल रहे हैं जरूरतमंदों के चेहरे



पार्कों में लौटा बच्चों का बचपन

**नवभारत, जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए चौतरफा प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम की इन पहलों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है, जहां एक ओर नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्क्रीन ऑफ-ग्राउंड ऑन थीम से बच्चों को डिजिटल दुनिया से बाहर निकालकर उद्यानों की ओर आकर्षित किया जा रहा है। नगर निगम की नेकी की दीवार पहल को शहरवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। रविवार को संभाग क्रमांक 5,14 और संभाग क्रमांक 15 में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। संभाग क्रमांक 15 में एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी की उपस्थिति में आरआरआर सेंटर पर एकत्रित कपड़ों का वितरण किया गया। नए और उपयोगी वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान कार्यपालन यंत्री, संभागीय अधिकारी और स्वास्थ्य टीम उपस्थित रही। इसी प्रकारसंभाग क्रमांक 5 में एमआईसी सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू और अपर आयुक्त व्ही एन वाजपेयी की उपस्थिति में नागरिकों को अनुपयोगी सामान और कपड़े नेकी की दीवार पर दान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### उद्यानों में गूंज रही किलकारियां

बच्चों को टेलीविजन और मोबाइल की लत से दूर करने के लिए नगर निगम ने मुहिम शुरू की है। इसी क्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल गार्डन में विभिन्न खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, अपर आयुक्त अशफाक परवेज कुरैशी, उद्यान एई दीप्ति भनारिया और आईईसी की टीम उपस्थित रही। शहर के गार्डन अब अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो गए हैं, जिससे अभिभावक भी बच्चों को बाहर भेजने में रुचि दिखा रहे हैं।

### बैकलेन का कायाकल्प, गंदगी की जगह अब खेल और सैर

नगर निगम की सबसे बड़ी उपलब्धि उन बैकलेन (गलियों के पीछे का हिस्सा) का सुधार है, जो कभी गंदगी और कचरे का अड्डा हुआ करती थीं। व्यवस्थित सफाई और सुंदरीकरण के बाद, अब ये गलियां स्थानीय निवासियों के लिए टहलने और बच्चों के खेलने का उत्तम स्थान बन गई हैं। इन सभी स्वच्छता गतिविधियों में नगर निगम के अधिकारियों जिसमें कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनंत दुबे,सहित सीएसआई, एसआई के.एल. अहिरवार, सत्येंद्र चक्रवर्ती और पूरी स्वच्छता टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है। शहर के नागरिकों ने नगर निगम की इस सकारात्मक कार्यप्रणाली की खुले दिल से सराहना की है, जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में जबलपुर की रैंकिंग में सुधार की प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं।

# चार दिन से लापता युवक का शव स्वर्गद्वारी में मिला



**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत स्वर्गद्वारी में रविवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक पिछले चार दिनों से रहस्यमयी ढंग से लापता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, संजीवनी नगर गंगा नगर, चंद कॉलोनी निवासी अभिषेक ठाकुर पिता कृष्ण कुमार ठाकुर 25 वर्ष 30 अप्रैल को अपने घर से बेलबाग स्थित एक कंप्यूटर सेंटर जाने के लिए निकला था। शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा, परिजनों ने अपने स्तर पर पहले तो उकी खोजबीन की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी तलाश के बाद 1 मई को परिजनों ने बेलबाग थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### बाइक ने गहरे किए थे अंदेशे

तलाशी के दौरान पुलिस को अभिषेक की बाइक भेड़ाघाट के स्वर्गद्वारी के समीप लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। बाइक मिलने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। रविवार को लम्हेटा घाट निवासी प्रियंका यादव ने पुलिस को सूचना दी कि स्वर्गद्वारी के पास नदी में एक युवक का शव उतरा रहा है। सूचना मिलते ही भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पानी से बाहर निकलवाकर जब परिजनों को बुलाया गया, तो उन्होंने उसकी पहचान अभिषेक के रूप में की।

### आत्महत्या या हादसा, छानबीन शुरू

थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक के साथ कोई हादसा हुआ है या उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस अभिषेक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और कंप्यूटर सेंटर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।